हिन्दुस्तान

अब सेफ इंडस्ट्रियल एरिया बनेंगे

लखनऊ, विशेष संवाददाता। उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा), सेफ सिटी की तर्ज पर अब सेफ औद्योगिक क्षेत्र पर काम कर रहा है। औद्योगिक क्षेत्रों को सुरक्षित बनाने के लिए परियोजना के तहत काम भी शुरू हो गए हैं। इसके अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्रों को सीसीटीवी कैमरों से लैस किया जा रहा है, ताकि वहां होने वाली हर गतिविधि कैमरे में कैद होती रहे और वहां लोगों में सुरक्षा की भावना पैदा हो। इसके साथ ही पिंक टॉयलेट, अग्निशमन केंद्र, पुलिस चौकी आदि का भी निर्माण किया जा रहा है। इन कार्यों पर करीब 235 करोड़ रुपए खर्च करने की योजना है। यूपीसीडा 70 औद्योगिक क्षेत्रों में इस परियोजना को मूर्त रूप देने में जुट गया है।

क्रेच सेंटर भी बनेंगे

गौतमबुद्ध नगर के सुरजपुर, बरेली, वाराणसी, लखनऊ आदि औद्योगिक क्षेत्रों में क्रेच सेंटर बनाए जा रहे हैं, ताकि महिला श्रमिकों के बच्चों की बेहतर देखभाल हो सके। महिलाएं भी बच्चों की देखभाल की चिंता से मुक्त होकर सुकून से कार्य कर सकेंगी। इन सेंटरों में बच्चों के खेलने, सोने आदि सुविधाएं होंगी।

हेल्थ एटीएम भी लग रहे

प्राधिकरण औद्योगिक क्षेत्रों में हेल्थ एटीएम भी लगा रहा है। इसमें ब्लड प्रेशर, शुगर, वजन, लंबाई, बॉडी टेंपरेचर, बॉडी में ऑक्सीजन की मात्रा, पल्स, प्रोटीन, यूरीन टेस्ट, ड्राई आई टेस्ट, कान की जांच, फैट फ्री वेट, ईसीजी टेस्ट, ब्लड ग्रुप, कोविड एंटीजन, हीमोग्लोबिन, ग्लूकोज, बीपी, हेल्थ स्कोर, नेल टेस्ट आदि जांच की जा सकेंगी।

यूपीसीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) मयूर माहेश्वरी ने सेफ औद्योगिक क्षेत्र का प्लान बनाया और उसे धरातल पर उतरने के लिए न सिर्फ 235 करोड़ का भारी भरकम बजट पास किया बल्कि काम भी शुरू करा दिया। इससे न सिर्फ औद्योगिक क्षेत्र में महिलाओं, उद्यमियों और अन्य कर्मचारियों, श्रमिकों की सुरक्षा का बेहतर प्रबंधन होगा बल्कि सुरक्षित माहौल में काम भी बेहतर हो सकेगा। उन्होंने कहा कि सेफ औद्योगिक क्षेत्र परियोजना पर तेजी से काम हो रहा है।